दुनिया से मैं हारी | By Varsha Shrivastava

दुनिया से मैं हारी तो आई तेरे द्वार
यहाँ से जो मैं हारी कहाँ जाउंगी भगवान

सुख में प्रभु वर तेरी याद ना आई
दुःख में प्रभुवर तुमसे प्रीत लगाईं
सारा दोष है मेरा मैं करती हूँ स्वीकार
यहाँ से जो मैं हारी कहाँ जाउंगी भगवान

मेरा तो क्या है मैं तो इस जग से हूँ हारी
तुझसे ही पूछेगी दुनिया सारी
डूब रही क्यूँ नैया तेरे रहते खेवनहार
यहाँ से जो मैं हारी कहाँ जाउंगी भगवान

सबको सुनाया मैंने अपना फ़साना
सबने बताया प्रभुवर तेरा ठिकाना
तुमको मैंने माना प्रभुवर मात पिता परिवार
यहाँ से जो मैं हारी कहाँ जाउंगी भगवान

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a6%e0%a5%81%e0%a4%a8%e0%a4%bf%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%b8%e0%a5%87-%e0%a4%ae%e0%a5%88%e0%a4%82-%e0%a4%b9%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a5%80-by-varsha-shrivastava/